| CSM—70/24 |
| --- |
| PART—II/PAPER—VI |
| HINDI |
| PAPER—I |

Candidate must not write on this margin.

**Time : 3 Hours**

**Full Marks : 250**

*The question paper contains* **18 (Eighteen)** *questions in* **GROUP—A, (12)** *and* **GROUP—B, (06)** *together.*

## GROUP—A

निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न **15** अंकों का है।

**1.** अपभ्रंश से लेकर आधुनिक भारतीय भाषाओं तक के विकास के दौरान व्याकरणिक संरचनाओं में कौन-कौन से प्रमुख बदलाव आए? कारक, लिंग तथा वचन व्यवस्था में आए प्रमुख बदलावों को रेखांकित कीजिए।

**2.** "अपभ्रंश आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की पूर्वावस्था है" — इस कथन का तर्कसहित मूल्यांकन कीजिए।

**3.** भक्ति आंदोलन के भाषिक संदर्भों में ब्रज और अवधी के विकास का मूल्यांकन कीजिए। दोनों भाषाओं ने भक्तिकाव्य को किस प्रकार नई अभिव्यक्ति दी?

**4.** आरंभिक खड़ीबोली के कवि के रूप में अमीर खुसरो की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**5.** 19वीं शताब्दी में खड़ीबोली को साहित्यिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने की प्रक्रिया में फोर्ट विलियम कॉलेज का मूल्यांकन कीजिए। औपनिवेशिक नीतियों ने इस भाषा परिवर्तन को किस प्रकार प्रभावित किया?

**6.** 19वीं शताब्दी में नागरी लिपि के मानकीकरण और प्रसार में नागरी प्रचारिणी सभा तथा हिन्दी नवजागरण की क्या भूमिका थी? उदाहरण देकर समझाइए।

**7.** हिंदी के मानकीकरण में खड़ीबोली को 'मानक हिन्दी' के रूप में स्वीकार करने के पीछे कौन-कौन से भाषिक, सामाजिक और राजनीतिक कारण सक्रिय थे? विवेचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

**8.** भारतीय संघ में हिन्दी के विकास में राजभाषा अधिनियम 1963 और 1967 के संशोधन की क्या भूमिका रही?

**9.** केन्द्र और राज्यों के प्रशासन में हिन्दी के प्रयोग को लेकर उत्पन्न चुनौतियाँ क्या हैं? भाषा-विकास और भाषा-विविधता के बीच संतुलन के मुद्दों पर विचार कीजिए।

**10.** आज के डिजिटल युग में मीडिया की भाषा के रूप में हिन्दी के विकास-क्रम का विवेचन कीजिए।

**11.** हिन्दी में विज्ञापन-लेखन की चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डालिए।

**12.** हिन्दी की किन्हीं दो प्रमुख बोलियों की भाषिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

## GROUP—B

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न **20** अंकों का है।

**13.** समकालीन संदर्भों में आदिकाल के कवि/कवियों की प्रासंगिकता सिद्ध कीजिए।

**14.** कुछ विद्वानों ने संतकाव्य को 'असहमतियों की काव्यधारा' के रूप में व्याख्यायित किया है। महत्वपूर्ण असहमतियों को सोदाहरण रेखांकित कीजिए।

**15.** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को 'आधुनिक हिन्दी का जनक' क्यों कहा जाता है?

**16.** प्रगतिवाद ने हिन्दी कविता में किस तरह के बदलाव किए? कुछ उदाहरणों से उन बदलावों को चिह्नित कीजिए।

**17.** फणीश्वरनाथ रेणु की उपन्यास-कला पर प्रकाश डालिए।

**18.** जयशंकर प्रसाद के नाटक इतिहास और कल्पना के समन्वय पर आधारित हैं। यह कल्पनाशीलता नाटकों की कलात्मकता को बढ़ाती है या इतिहास बोध को धूमिल करती है? विवेचना कीजिए।

★ ★ ★

**Candidate must not write on this margin.**

## SPACE FOR ROUGH WORK

Candidate must not write on this margin.

## SPACE FOR ROUGH WORK

Candidate must not write on this margin.